कार्यक्रम के प्रारंभ में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष ,डॉ अभिनेष सुराना ने आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए दृष्य–पटल पर उपस्थित वक्ताओं और श्रोताओं का हिन्दी विभाग की ओर से स्वागत किया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन.सिंह ने बाबा नागार्जुन की जीवनी और रचनात्मकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन कवि के रूप में कबीर के बाद नागार्जुन को जाना जाता है उन्होंने स्वयं कहा है कि जनता मुझसे पूछ रही है क्या बतलाऊं हूं जन कवि हूँ मैं क्या झुठ्लाऊं। अधिकारिक वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. अशोक तिवारी ने कहा कि नागार्जुन कि मानवीय दृष्टि और सरोकार प्रकृति से लेकर मनुष्य और मनुष्य से लेकर मानवेत्तर जीव जंतु तथा जीव जंतु से वस्तु तक पहुंचती है। उनकी जीवंतता की गर्माहट कि आंच उनके प्रत्येक काव्यवस्तु में महसूस किया जा सकता है। डॉ. अंजन कुमार ने कहा कि नागार्जुन की कविता अपने आप से निकलकर जीवन जगत को तर्कपूर्ण ढंग से समझने और उससे जुड़ने की रागात्मक यात्रा है। उनकी कविताएं हमारे समय के संकट को अभिव्यक्त ही नहीं करती बल्कि उसे देखने और समझने की एक व्यापक दृष्टि भी विकसित करती है। बागबाहरा के युवा कवि और आलोचक डॉ. रजत कृष्ण ने नागार्जुन की लोकवादी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि बाबा नागार्जुन विविधतावादी रचनाकार के साथ प्रयोगधर्मी भी हैं उनकी रचनाओं में भारत का गॉव और भारत का लोक उभरता है उनकी कविताओं में आमजन की व्यथा पूरी संवेदना के साथ व्यक्त हुयीं है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक थानसिंह वर्मा ने नागार्जुन की राजनीतिक चेतना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन पक्षधर कवि नागार्जुन को राजनीति की गहरी समझ थी पर कुछ अपवादों को छोड़कर वे हमेशा सत्ता के प्रतिरोध में कविता लिखते रहें। कार्यक्रम के अंत में डॉ शंकर निषाद ने अतिथि वक्ता तथा पटल पर उपस्थित श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. बलजीत कौर डॉ जयप्रकाश डॉ. कृष्णा चटर्जी के साथ महाविद्यालय के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। डॉ. सरिता मिश्रा एवं कुमारी प्रियंका यादव ने अतिथि वक्ताओं का परिचय दिया तथा डॉ रजनीश उमरे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomus
College Durg (C.G.)

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College Durg (C.G.)

Online

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

दिनांक 20/06/2021

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग द्वारा दिनाँक 24/06/2021 को कबीर जयंती के अवसर पर आज के समय में कबीर की प्रसंगिता विषय पर ई संगोठी आयोजित है जिसके मुख्य अतिथि डॉ. प्रदेशी राम (भिलाई) एंव डॉ. शंकर निषाद मुख्य वक्ता होंगे।

अतः समस्त छात्र–छात्राएं एवं शोधार्थी ऑन लाइन जुडकर इसका लाभ उठाएं। लिंक एक दिन पूर्व भेजा जाएगा।

अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम.स्नात
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.

प्राचार्य
शासकीय वि.या.ता.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
दुर्ग (छ.ग.)
Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus College * Durg (C.G.)

हिंदी विभाग, शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कबीर जयंती

व्याख्यान : डॉ. परदेशी राम वर्मा , डॉ. शंकर निषाद

(24 जून, 2021 को सम्पन्न आयोजन का प्रतिवेदन)

कवि एक क्रांतिकारी कवि थे, उन्होंने अपने समय की सामाजिक विद्रूपताओं, बाह्यांडबरों पर करार प्रहार किया तथा झूठ प्रपंच रहकर समाज के सामान्य जन को सच्चाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। उक्त विचार शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 24.06.2021 को आयोजित वर्चुअल संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि तत्कालिन समाज में जात–पात, छुआछूत का बोलबाला था, पुरोहितों, मौलियों द्वारा धर्म के नाम पर साधारण जन को भ्रमित किया जा रहा था। ऐसे समय में कबीर ने जनता को सही राह दिखाने का कार्य किया। कार्यक्रम के आरंभ विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने संस्था के प्राचार्य तथा संरक्षक डॉ. आर.एन. सिंह, मुख्य अतिथि कथाकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, वक्ता महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. शंकर निषाद एवं इस आयोजन में जुड़े प्रतिभागियों तथा छात्र–छात्राओं का स्वागत किया व कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। इसके पश्चात् प्राध्यापक डॉ. शंकर निषाद ने कबीर की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15वीं सदी के कवि कबीरदास का भक्तिकाल के संत कवियों में महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वे पढ़े–लिखे नहीं थे, अनुभवजन्य ज्ञान के आधार पर जीवन की सच्चाई का व्यक्त कर सके। उनके मौखिक रूप में कहे गये दोहे पढ़े लिखे लोगों के साथ ही अशिक्षित लोगों के भी कंठहार बन गये। उन्होंने अपने समय के धार्मिक सामाजिक रूढ़ियों के साथ–साथ हिन्दु एवं मुस्लमान दोनों समुदाय के पाखंड एवं बाह्याचार के विरूध्द तीखा प्रहार किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दी तथा छत्तीसगढ़ी के सुप्रसिध्द कथाकार तथा लेखक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने 'छत्तीसगढ़ में कबीर' विषय पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कबीर की वाणी लोक जीवन में आज भी प्रवाहमान है। कबीर के चिंतन की परंपरा धर्मदास से होते हुए घासीदास तक पहुंची। छत्तीसगढ़ के दलित तथा पिछड़ी जातियों में बड़ी संख्या में उनकी अनुयायी देखे जा सकते है। कबीर के नाम पर बने मठ भले ही कबीर के विचार से भटक गये है, परंतु उनके अनुयायियों ने कबीर की सादगी, सरलता, सच्चाई, प्रेम और करूणा को बनाये रखा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के विविध रूपों – नाचा–गम्मत, हबीब तनवीर के नाटकों से लेकर होली के फाग, राऊत नाचा के दोहों में कबीर की प्रभावी उपस्थिति देखी जा सकती है।

कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. कृष्णा चटर्जी ने मुख्य अतिथि डॉ. परदेशी राम वर्मा, डॉ. शंकर निषाद का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र के लगभग 190 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. जय प्रकाश साव, डॉ. शकील हुसैन, डॉ. रजनीश उमरे, डॉ. सरिता मिश्रा, कु. प्रियंका यादव के साथ तकनीकी सहयोग प्रदान करने में शोधार्थी सौरभ सर्राफ एवं मृत्युंजय द्विवेदी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. थानसिंह वर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. बलजीत कौर ने किया।

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Principal
Govt. V Y T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)
Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus College Durg (C.G.)

D/Press Vigyapati

Online

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 27/07/2021

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छा–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **"प्रेमचंद जयंती"** के अवसर पर दिनांक **31/07/2021** को प्रातः 10 बजे से ऑनलाईन व्याख्यान आयोजित है। जिसमें हिन्दी विभाग के प्राध्यापक श्री थानसिंह वर्मा "प्रेमचंद और भारतीय किसान" विषय पर व्याख्यान देंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. शंकर निषाद करेंगें।

अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन लिंक से जुड़कर व्याख्यान का लाभ उठायें।

विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्व.महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt.V.Y T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T.P.G. Autonomus College Durg (C.G.)

हिंदी विभाग, शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर

स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

प्रेमचंद जयंती

प्रेमचंद और भारतीय किसान

व्याख्यान : प्रो. थानसिंह वर्मा

(31 जुलाई , 2021 को सम्पन्न आयोजन का प्रतिवेदन)

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग द्वारा कथा सम्राट प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एन. सिह के मार्गदर्शन में प्रेमचंद और भारतीय किसान विषय पर ऑनलाईन व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर थानसिंह वर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शंकर निषाद ने की। कार्यक्रम के आरंभ में आभासी पटल से जुड़े हुए शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने वक्ताओं का परिचय देते हुए प्रेमचंद के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा–प्रेमचंद का समग्र लेखन जन चेतना और संघर्ष की कथा है। वे स्वतंत्रता आंदोलन के दौर के प्रतिनिधि रचनाकार हैं। उन्होंने किसानों एवं मजदूरों के शोषक अंग्रेजी सत्ता व महाजनी सभ्यता के षड़यंत्र का पर्दाफाश किया है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर थानसिंह वर्मा ने कहा कि प्रेमचंद के निधन के 85 वर्ष बाद भी पश्चात जिस तरह प्रेमचंद का सम्पूर्ण साहित्य जगत याद कर रहा है, वह प्रेमचंद के सर्जक व्यक्तित्व व उनकी वैचारिकता का प्रमाण है।

श्री वर्मा ने सत्ता व्यवस्था के विरुद्ध किसान आंदोलनों के अतीत से वर्तमान परिदृश्य का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि सत्ता व्यवस्था ने हमेशा महाजनों जमीदारों व पूंजीपतियों के पक्ष में नियम बनाएं। उनके सरंक्षण में चल रही शोषण की प्रक्रिया को प्रेमचंद ने बहुत निकट से देखा था। इसीलिए उसके यथार्थ को संजीदीकी के साथ चित्रित कर सके। श्री वर्मा ने प्रेमचंद के उपन्यास रंगभूमि के पात्र सूरदास के संघर्ष का उदाहरण देते हुए जिस तरह व्यवस्था के विरूध्द सूरदास ने संघर्ष किया आज उसी जीवटता की आवश्यकता है। सूरदास ने मरने से पहले अंग्रेजी सत्ता को ललकारते हुए यह कहा था – हम हारे तुम जीते, तुम मजे हुए खिलाड़ी हो, और मिलकर खेलते हो। हम बंटे हुए है, पर हम तुम्ही से खेलना सीख कर फिर खेलेंगे। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम दौर के अजेय जनता का अमर स्वर है। आज के किसानों को सूरदास के इस संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ शंकर निषाद ने कहा कि सत्ता व्यवस्था की नीति के चलते किसान मात्र मजदूर बनकर रह गए हैं। व्यवस्था को यह समझना चाहिए कि किसान जिस दिन उत्पादन करना बंद कर देगा उस दिन व्यवस्था के सारे ठाट बाट धरे रह जाएंगे। वर्तमान किसान आंदोलन पर अपने विचार प्रकट करते हुए डॉ शंकर निषाद ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है व्यवस्था को उनके महत्व को स्वीकार करते हुए सार्थक पहल करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ बलजीत कौर ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विभाग के सदस्य डॉ.जय प्रकाश, डॉ कृष्णा चटर्जी, डॉ रजनीश कुमार उमरे, डॉ सरिता मिश्र व कुमारी प्रियंका यादव एवं तकनीकी सहयोग के लिए सौरभ सराफ का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति आभासी पटल पर रही।

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

32

प्रति,

प्राचार्य,
शास. वि. या. ता. स्वशासी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग, (छ.ग.)

विषयः– प्रेमचंद जयंती पर व्याख्यान आयोजन की अनुमति।

महोदय,

हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2021 को प्रातः 10 बजे प्रेमचंद जयंती के अवसर पर व्याख्यान प्रस्तावित है।

कृपया उक्त आयोजन हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

दिनांक 27/07/2021

भवदीय

डॉ. अभिनेष सुराना
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
शास. विश्वनाथ यादव ताम. स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

To

The Principal,

Govt. V.Y.T. PG. Autonomous College, Durg, (C.G.)

Subject: Permission to collaborate with HSNC Board's Smt. Chandibai Himathmal Mansukhani College, Ulhasnagar, Maharashtra and The KET's V.G. Vaze College of Arts, Science and Commerce Autonomous, Mumbai, Maharashtra to organise a 2 day workshop.

Sir,

Kindly grant permission to the Department of English to collaborate with HSNC Board's Smt. CHM College, Ulhasnagar, Maharashtra and The KET's V.G. Vaze College, Mumbai to organise a 2 day workshop on Research Methods in English Studies (Language and Literature) from 25th -26th August 2021.

Thank you

Yours Sincerely,

Dr. Qamar Talat

Department of English

Govt. V.Y.T. PG. Autonomous College, Durg (C.G.)

Date: 21.08.2021

Principal

Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College, Durg (C.G.)

GOVT. V.Y.T.P.G. AUTONOMOUS COLLEGE DURG 491001(C.G.)
(Former Name — Govt. Arts & Science College, Durg)
NAAC Grade-A+, CPE Phase-III, DBT-Star College
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.
Ph. 0788 2359688 Fax 0788 2359688

Date : 23.08.2021

Department of English
NOTICE

The Department of English, Govt. V.Y.T. PG. Autonomous College, Durg, (C.G.) in collaboration with HSNC Board's Smt. Chandibai Himathmal Mansukhani College, Ulhasnagar, Maharashtra and The KET's V.G. Vale College of Arts, Science and Commerce Autonomous, Mumbai, Maharashtra is organising a Two-Day National Level Workshop on 'Research Methods in English Studies (Language and Literature) from 25th to 26th August 2021. Those who are interested kindly contactDr. Suchitra Gupta, Convenor or Dr. Qamar Talat, Organising Secretary for registration. A nominal fee of Rs 100 is payable towards the registration. The brochure with the link is attached herewith.

Dr. Qamar Talat.

Organising Secretary.

Govt. V.Y.T. PG. Autonomous College.

Durg, (C.G.).

Dr. R.N.Singh

Principal

Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College

Durg, (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College, Durg (C.G.)

DEPARTMENT OF ENGLISH
GOVT. V.Y.T.P.G. AUTONOMOUS COLLEGE, DURG 491001(C.G.)
NAAC Grade-A+, CPE Phase-III, DBT-Star College
Ph.: 0788-2359688, Fax: 0788-2359688
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

PRESS RELEASE

2-Day National Level Workshop on Research Methods in English Studies (Language and Literature)

A two day national level workshopon Research Methods in English Studies(Language and Literature) was organized by Department of English, Govt. V.Y.T PG Autonomous College Durg,; HSNC Board's Smt. C.H.M College, Ulhasnagar and The KET's V.G.Vaze College of Arts, Science and Commerce Autonomous, Mumbaion 25th and 26th August.It was for the first time that a research platform was introduced which was formed by the collaboration of three colleges. The workshop was intendedto provide the participants with the introduction of basics of research in Humanities including methods and tools of research and new directions in the field of English literature and language. On the first day, the workshop started with the address note by the Principals of all three colleges- Dr.R.N.Singh, Govt. VYT PG College; Dr. B.B.Sharma, V.G.Vaze College and Dr. Manju Lalwani Pathak, Smt. C.H.M College.Concept note was delivered by Dr.Somali Gupta, Professor, Govt. V.Y.T PG College . The two sessionson the first day were taken by Dr. Sunila Pillai, Associate Professor, R.K.Talreja College, Ulhasnagar on 'Tenets and Tools of Research in Sociolinguistics' and the other by Dr. Anusha Ramanathan, Assistant Professor, Tata Institute of Social Science, Mumbai on 'Mixed Methods Research: Tools and Strategies'. On the second day, the first session was taken up by Dr.LaksmiMuthukumar, Professor, South Indian Educational Society's College of Arts, Science and Commerce, Mumbai on 'Debunking Myths, Realizing Research' and the second session by Dr. Annie Joshi, Associate Professor, A.R.BurlaMahilaVarishthaMahavidyalaya, Solapur on 'Literature: An Ocean of Research Opportunities'. All the sessions enriched the knowledge of participants and also encouraged them to take up research in the field of their choices. The information of various fields provided by the eminent speakershelped the participants know about the new areas of research and tools to be used.The speakers shared their knowledge and resolved the queries of the participants making the sessions interactive. The organizing committee included Dr. Qamar Talat, Professor, Govt. V.Y.T PG College, Ms. Sana Karale, Assistant Professor. Smt C.H.M College and Ms. Tanvi Joshi, Assistant Professor, V.G.Vaze College.The program convenors Dr.Suchitra Gupta, Professor, Govt. V.Y.T PG College and Dr. Kailas Aute, Assistant Professor,Smt.C.H.M Collegeextended the vote of thanks on day one and two respectively. Research Scholars Miss.Parul Pandey and Miss.VrushaliKaneri hosted the sessions on day one and two respectively.Program Convenor,Dr. Dinesh Kumar Nair, Associate Professor, V.G.Vaze College formally offered the closing lecture.as a part of the workshop the participants are required to submit two assignments by 30th August after which they would be given their certificates. The workshop ended up with a thought of collaborating for future programs for both teachers and students.

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College Durg (C.G.)



Education

अंग्रेजी विषय में शोध पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

deepak das • August 31, 2021

दुर्ग। शासकीय वीवायटी पीजी ऑटोनॉमस कालेज के अंग्रेजी भाषा विभाग द्वारा अंग्रेजी विषय में शोध विधि पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीएचएम कालेज उल्हासनगर, वीजी वझे कालेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स मुम्बई के साथ संयुक्त रूप से आयोजित यह कार्यशाला तीन महाविद्यालयों के समन्वय से आयोजित इस तरह की पहली कार्यशाला थी।कार्यशाला का उद्देश्य अंग्रेजी साहित्य में शोध की दिशा में शोधार्थियों का मार्गदर्शन करना था। कार्यशाला के पहले दिन शासकीय वीवायटी पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ आरएन सिंह, वीजी वझे कालेज के प्राचार्य डॉ बीबी शर्मा एवं सीएचएम कालेज की प्राचार्य डॉ मंजू लालवानी ने अपना उद्बोधन दिया। अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सोमाली गुप्ता ने विषय प्रवेश कराया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए आरके तलरेजा कालेज उल्हासनगर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुशीला पिल्लई ने समाजभाषा विज्ञान के सिद्धांतों एवं उपकरणों की जानकारी दी। द्वितीय सत्र को टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस मुम्बई की डॉ अनुषा रामनाथन ने शोध के मिश्रित विधियों की जानकारी दी।

द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र को साउथ इंडियन एडुकेशनल सोसायटी कालेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स मुम्बई की प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी मुथुकुमार ने शोध के सिधकों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में एआर बिड़ला महिला वरिष्ठ महाविद्यालय शोलापुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एनी ज़ॉन ने साहित्य को शोध का अथाह सागर निरूपित किया।

आयोजन समिति में वीवायटी कालेज के प्रोफेसर डॉ कमर तलत, सीएचएम कालेज की सहा. प्राध्यापक सना करालें, वीजी वझे कालेज की तन्वी जोशी शामिल थीं। कार्यक्रम में वीवायटी कालेज की डॉ सुचित्रा गुप्ता, सीएचएम कालेज के डॉ कैलाश अयुते, शोधार्थी पारुल पाण्डे, वृशालु कनेरी का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम संयोजक वीजी वझे कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार नायर ने समापन व्याख्यान दिया। प्रतिभागियों को दो असाइनमेंट सबमिट करने के बाद ही प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

Durg (C.G)
Govt. V.Y.T.P.G Autonomous College, Durg (C.G.)

HSNC Board's Smt. Chandibai Himathmal Mansukhani College, Ulhasnagar, Maharashtra

Govt. V. Y. T. Post Graduate College Autonomous, Durg, Chhattisgarh

The KET's V. G. Vaze College of Arts, Science and Commerce Autonomous, Mumbai, Maharashtra

Departments of English
organise

Two-Day National Level Workshop
on

Research Methods in English Studies (Language and Literature)
(For UG and PG Students and Research Scholars)

25th and 26th August 2021

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College, Durg (C.G.)

ABOUT THE WORKSHOP

Research is a systematic investigation of the materials in order to establish facts and find novel conclusions. Research in humanities helps in understanding the thought processes or perspectives of past generations, the unnoticed aspects of the society and applying it to the current life by finding similarities, understanding the problems faced by today's society and finding possible solutions. Research in literature and language helps to acquire knowledge from literary works and linguistic practices and enables one to apply it by testing theories and making observations. As literature is a vast subject, research cannot be confined to literary texts, but other avenues also need to be explored. Critical thinking, analytical reading, and interdisciplinary tools are generally linked with literary studies. Language studies entails experimental research, ELT techniques, methods of Sociolinguistics, Ethno-linguistics and Computational linguistics.

Literary research and language studies are at a crucial juncture, in the context of new research tools and interdisciplinary focus. Research methods in literature and language are redefined in the backdrop of digital technologies and the awareness of new primary sources and cultural texts. Literary and linguistic theories too have been undergoing a drastic change, bringing new perspectives on text, languages, and language studies.

Documentation is also an important part in research; it provides attribution or credit to the original author or creator and helps in verifying the accuracy of the work. Citation is a proof of proper research being done as the sources from where information is obtained are listed. It also helps in avoiding plagiarism. This workshop marks an important milestone in addressing the fundamentals of language and literature research such as citation, methods, review of literature and so on and it provides hands-on training to the participants in arriving at research topics, framing titles, and writing abstracts for research papers and proposals. The workshop focuses on inculcating a healthy research culture among young scholars.

Principal
Govt. V.Y.T. PG. Autonomous
College, Durg (C.G.)

OBJECTIVES OF THE WORKSHOP

This workshop aims to introduce graduates, postgraduates, and research scholars to the fundamentals of research methods in English literature and language. The workshop will help introduce the basics of research in Humanities. The participants will be familiarized with various research methods and tools available. The workshop also aims at mapping new directions in literary and linguistic studies.

OUTCOME OF THE WORKSHOP

The participants will gain knowledge on the basics of research in humanities. They will acquire knowledge on various tools and methods of humanities research. They will be able to identify research topics, write abstracts and research papers and learn to add citations. They will also be familiarized with new tools and emerging areas in language and literature studies.



REGISTRATION

CLICK HERE TO REGISTER

Fees: INR 100/-

The workshop will bring together both UG and PG students from the three colleges wherein they will be trained by the experts in understanding fundamentals of research and its methods.

Participation: For UG, PG and Research Scholars

Note:

1. Only selected participants will be a part of the workshop.
2. Participants will be given assignments on Day 1 and Day 2. Only those who complete the assignments, will be given the certificates.

PROGRAM SCHEDULE

DAY 1

PARTICULARS	TIME	RESOURCE PERSONS
Inauguration and Concept Note	02:00 pm to 02:30 pm	
Session - I	02:30 pm to 03:30 pm	**Dr. Sunila Pillai** Associate Professor R.K. Talreja College, Ulhasnagar
Session - II	03:30 pm to 04:30 pm	**Dr. Anusha Ramnathan** Assistant Professor Tata Institute of Social Sciences , Mumbai

DAY 2

PARTICULARS	TIME	RESOURCE PERSONS
Session - I	02:00 pm to 03:00 pm	**Dr. Lakshmi Muthukumar** Associate Professor Head, Dept. of English SIES College of Arts, Science and Commerce (Autonomous), Mumbai
Session - II	03:00 pm to 04:00 pm	**Prof. Dr. Annie John** Professor Head, Dept. of English A.R. Burla Mahila Varishtha Mahavidhyalya, Solapur

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College, Durg (C.G.)

CHIEF PATRONS

Dr. Manju Lalwani Pathak
Principal
HNSC Board's Smt. CHM College

Prof. Dr. R. N. Singh
Principal
Govt. V.Y.T PG College
(Autonomous)

Dr. B. B. Sharma
Principal
KET's V. G. Vaze College
(Autonomous)

PROGRAM CONVENORS

Dr. Kailas Aute
Associate Professor,
Dept. of English
Smt. CHM College

Prof. Dr. Suchitra Gupta
Dept. of English
Govt. V.Y.T PG College
(Autonomous)

Dr. Dinesh Kumar Nair
Associate Professor,
Dean of Research,
Head, Dept. of English
KET's V. G. Vaze College
(Autonomous)

ORGANISING SECRETARIES

Ms. Sana Karale
Assistant Professor,
Dept. of English
Smt. CHM College

Prof. Dr. Qamar Talat
Professor,
Dept. of English,
Govt. V.Y.T PG College
(Autonomous)

Ms. Tanvi Joshi
Assistant Professor,
Dept. of English,
KET's V. G. Vaze College
(Autonomous)

COMMITTEE MEMBERS

HSNC BOARD'S
SMT. C.H.M. COLLEGE
ULHASNAGAR, MAHARASHTRA

Dr. Pratima Das
Associate Professor,
Head, Dept . of English
Vice Prinicipal

Dr. Deepa Mishra
Associate Professor,
Dept. of English

Mr. Ananda Pandhare
Assistant Professor,
Dept. of English

GOVT. V.Y.T. PG AUTONOMOUS COLLEGE
DURG, CHHATTISGARH

Prof. Dr. Mita Chakraborty
Head, Dept. of English

Prof. Dr. Somali Gupta
Dept. of English

Dr. Mercy George
Dept. of English

Dr. Meena Mann
Dept. of English

Dr. Tarlochan Kaur
Dept. of English

KET's V.G. VAZE COLLEGE OF ARTS, SCIENCE & COMMERCE (AUTONOMOUS)
MUMBAI, MAHARASHTRA

Prof. Dr. Preeta Nilesh
Vice Principal

Ms. Sundari Johnson
Assistant Professor,
Dept. of English

Ms. Ashwathi Anilkumar
Assistant Professor,
Dept. of Mass Media

RESEARCH METHODS IN ENGLISH STUDIES (LANGUAGE AND LITERATURE)

LITERATURE: AN OCEAN OF RESEARCH OPPORTUNITIES

Dr. Annie John heads the Department of English at A.R. Burla Mahila Varishtha Mahavidyalya, Solapur. She has been teaching undergraduate students for 26 years and the post graduate students for 20 years. Her area of expertise include analysis of diasporic tendencies in the immigrant writings of the writers of Indian diaspora. She is a registered guide for M. Phil and Ph.D in English, under Solapur University. She delivers talks regularly at National and International seminars. Dr. Annie is the Chairperson of the Board of Studies, member of the Academic Council, Chairperson of the Lapses Committee and also a member of the Students' Welfare and Cultural Committee. She has published several research papers at International and National levels and has authored several chapters in many books. Dr. Annie also holds several editorial positions.

Dr. Annie John,
Head, Department of English,
Associate Professor,
A.R.Burla Mahila Varishtha Mahavidyalya, Solapur.



DAY 2

DATE: 26th August 2021
TIME: 2:00 PM to 4:00 PM
PLATFORM: Zoom

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College, Durg (C.G.)

RESEARCH METHODS IN ENGLISH STUDIES (LANGUAGE AND LITERATURE)

MIXED METHODS RESEARCH: TOOLS AND STRATEGIES

Dr. Anusha Ramanathan is an Assistant Professor at CETE. She has teaching experience at both UG & PG level. She teaches courses on Assessment, Evaluation, instructional design, language education, literacy and mentoring and co-anchors blended and online TPD programmes at CEIAR, TISS. She has vast experience of developing edX based MOOC courses, content developer, curriculum consultant, editor, syllabus designer, teacher educator and faculty for language, literature, management and media studies. She develops Language for Reflective Teaching with ICT. Her areas of expertise include English Literature, Assessment & Evaluation, culture studies, ed-tech, ELT, Media studies, and teacher education.

Dr. Anusha Ramanathan
Consultant, Assistant Professor
Tata Institute of Social Sciences, Mumbai.

DAY 1

DATE: 25th August 2021
TIME: 2:00 PM to 4:30 PM
PLATFORM: Zoom

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College, Durg (C.G.)

Online

19,20,21
22

प्रति,

प्राचार्य,

शास. वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– हिन्दी विभाग द्वारा व्याख्यान श्रृंखला आयोजन की अनुमति बाबत ।

महोदय जी,

हिन्दी विभाग द्वारा व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत–

दिनाँक 04/02/2021 दोपहर 12 बजे विषय – छत्तीसगढ का लोकजीवन – डॉ. जीवन यदु (खैरागढ़)

दिनाँक 06/02/2021 दोपहर 12 बजे – विषय – मैथ्यू अर्नाल्ड का काव्य सिद्वांत – डॉ. सियाराम शर्मा (उतई)

दिनाँक 10/02/2021 दोपहर 12 बजे विषय – रूप विज्ञान – डॉ. चितरंजनकर, भाषाविद (रायपुर)

दिनाँक 15/02/2021 दोपहर 12 बजे विषय – हिन्दी साहित्य में भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति – डॉ. मृदुला शुक्ला (बलौदाबाजार) का व्याख्यान प्रस्तावित है।

कृपया उक्त आयोजन हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम.स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

अध्यक्ष
हिन्दी विभाग
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम.स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

Permitted

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College ★ Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

दिनांक 01/02/2021

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के तत्वाधान में व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत –

दिनाँक 04/02/2021 विषय – छत्तीसगढ का लोकजीवन – डॉ. जीवन यदु (खैरागढ़)

06/02/2021 – विषय – मैथ्यू अर्नाल्ड का काव्य सिद्धांत – डॉ. सियाराम शर्मा (उतई)

10/02/2021 – विषय – रूप विज्ञान – डॉ. चितरंजनकर, भाषाविद (रायपुर)

15/02/2021 – विषय – हिन्दी साहित्य में भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति – डॉ. मृदुला शुक्ला (बलौदाबाजार) का व्याख्यान आयोजित है।

अतः समस्त छात्र–छात्राएं ऑन लाइन लिंक से जुड़े तथा व्याख्यान का लाभ उठायें। लिंक एक दिन पहले भेजा जाएगा।

अध्यक्ष

हिन्दी विभाग

विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम.स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.

प्राचार्य

शासकीय वि.या.ता.स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

हिंदी विभाग, शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर
स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

व्याख्यान-श्रृंखला
(डॉ. जीवन यदु, डॉ. सियाराम शर्मा, डॉ. चित्तरंजन कर, डॉ. मृदुला शुक्ल)
(4 फरवरी से 15 फरवरी 2021 के मध्य सम्पन्न व्याख्यान श्रृंखला का प्रतिवेदन)

शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 4 फरवरी से 15 फरवरी तक व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत चार व्याख्यान आयोजित किए गए । व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर.एन. सिंह ने किया । इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा विद्यार्थी इस कार्यक्रम में जुड़ें तथा विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान का लाभ उठाएं । इस श्रृंखला के अंतर्गत प्रथम व्याख्यान लोक साहित्य के मर्मज्ञ कवि आलोचक डॉ जीवन यदु खैरागढ़ ने दिया उन्होंने अपने व्याख्यान में छत्तीसगढ़ के लोक जीवन पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ की लोक जीवन एवं कृषि के अंतर्संबंध पर विस्तार से जानकारी दी । दूसरा व्याख्यान प्रसिद्ध आलोचक डॉ सियाराम शर्मा सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय उतई का पाश्चात्य आलोचना के अंतर्गत मैथ्यू अर्नाल्ड के आलोचना सिद्धांत पर हुआ । डॉ. सियाराम शर्मा ने मैथ्यू अर्नाल्ड के काव्य सिद्धान्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि काव्य का लक्ष्य सर्व सामान्य को आनंद प्रदान करना है । उन्होंने साहित्य को जीवन की आलोचना के रूप में परिभाषित किया है । तीसरा व्याख्यान भाषा विज्ञान विषय के अंतर्गत रूप विज्ञान पर भाषा वैज्ञानिक कवि आलोचक डॉ. चितरंजन कर सेवानिवृत्त प्राध्यापक भाषा विज्ञान विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने दिया डॉ. चितरंजन करने भाषा विज्ञान जैसे नीरस विषय को बहुत सरल सहज शब्दों में अनुरंजन बनाकर समझाया । अंतिम व्याख्यान भारतीय साहित्य पर केंद्रित था डॉ. मृदुला शुक्ला सेवानिवृत्त प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय लवन ने हिंदी साहित्य में भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति विषय पर व्याख्यान दिया । श्रीमती शुक्ल ने आदि काल से लेकर आधुनिक काल तक हिंदी साहित्य में भारतीय मूल्यों दया, करुणा, प्रेम, सद्भावना तथा समता को अनेक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया । कार्यक्रम में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के अलावा अन्य महाविद्यालयों के हिंदी के विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए विद्यार्थियों ने विद्वान वक्ताओं से प्रश्न किए और अपने जिज्ञासा का समाधान किया इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय के साथ महाविद्यालय के विभाग के प्राध्यापक एवं अध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना, डॉ शंकर निषाद, डॉ. बलजीत कौर, डॉ. जयप्रकाश साव, थान सिंह वर्मा, डॉ कृष्णा चटर्जी, डॉ रजनीश उम्रे सम्मिलित हुए । अतिथि वक्ताओं का परिचय अभिनेश सुराना जी ने दिया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ जयप्रकाश साहू ने किया आभार प्रदर्शन डॉ शंकर निषाद ने किया ।

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्व.महावि.,
दुर्ग (छ.ग.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य Online

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

दिनांक 15 /08/2020

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग द्वारा परसायी जयंती पर **हिन्दी व्यंग्य परम्परा और हरीशंकर परसाई** विषय पर दिनांक 21/08/2020 को 12 बजे ई–संगोष्ठी आयोजित है। अतिथि वक्ता के रूप में व्यग्यकार श्री कैलाश मंडलेकर, श्री रमेश शर्मा एवं डॉ. विनोद साव अपने विचार व्यक्त करेगें।

अतः समस्त छात्र–छात्राएं एवं शोधार्थीगण इस संगोष्ठी में जुड़कर लाभ उठायें। लिंक एक दिन पूर्व भेजा जायेगा।

अध्यक्ष
हिन्दी विभाग

विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम.स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.

प्राचार्य

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

हिंदी विभाग, शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

हिंदी-व्यंग्य-परंपरा और हरिशंकर परसाई

(21 अगस्त, 2020 को सम्पन्न दो दिवसीय कार्यशाला का प्रतिवेदन)

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के हिन्दी विभाग तथा आई.क्यू.ए.सी. सेल के संयुक्त तत्वावधान में परसाई जी की जयंती पर **'हिन्दी व्यंग्य परंपरा और हरिशंकर परसाई'** विषय पर **एक दिवसीय राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी** का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने कहा कि परसाई जी ने न केवल अपने विपुल लेखन से हिन्दी साहित्य को समृध्द किया बल्कि एक बहुत बड़ा पाठक वर्ग भी तैयार किया। उन्होंने परसाई जी जब सागर विश्वविद्यालय में मुक्तिबोध शोधपीठ के अध्यक्ष थे उस समय का संस्मरण सुनाया, जिसमें परसाई जी की उच्चशिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की है, जिसमें परसाई जी ने कहा था कि "कल कारखानों में बनने वाले उत्पाद की खपत कहां होगी यह तय होता है, लेकिन हमारे विश्वविद्यालयों से निकलने वाले छात्र कहा जायेगें यह तय नही है।" अतिथिवक्ता व्यंग्यकार एवं आलोचक डॉ. रमेश तिवारी (दिल्ली) ने परसाई जी के विभिन्न कहानियों, निबंधों आदि का उदाहरण देकर उनकी रचनाओं में छिपे व्यंग्य को उद्घाटित किया। उन्होंने कहा– परसाई जी ने व्यंग्य को विगलित हास्य तथा भावुकता से मुक्त कराया। उसे व्यापक सामाजिक सरोकारों से जोड़ा। और समाज में जहां भी विसंगतियां देखी उस पर करारा प्रहार किया। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि परसाई जी के समय जो परिस्थितियां थी अब की परिस्थितियां उससे ज़्यादा विषम है, इसीलिए परसाई जी का व्यंग्य आज ज्यादा प्रासंगिक है।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिध्द व्यंग्यकार श्री विनोद साव ने हिन्दी व्यंग्य लेखन की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि कबीर हिन्दी के पहले व्यंग्यकार थे, कबीर की परंपरा भारतेन्दु और निराला से चलकर परसाई तक आता है और परसाई तक आते–आते व्यंग्य की धार ज्यादा महीन व तेज हो जाती है। उन्होंने परसाई के व्यंग्य रचनाओं में शोषक वर्ग पर प्रहार तथा शोषित, पीड़ित वर्ग के प्रति गहरी करूणा है। संगोष्ठी के अंतिम अतिथि वक्ता व्यंग्यकार तथा समीक्षक श्री कैलाश मंडलेकर (खंडवा) ने कहा कि परसाई जी ने आजादी के बाद के भारत में राजनीति तथा प्रशासन में भ्रष्ट्राचार, भाई भतीजावाद, धार्मिक सामाजिक रूढ़ियों तथा साम्प्रदायिक शक्तियों पर जमकर प्रहार किया। उनके लिखे हुए को समझने के लिए आलोचकों को एक नये सौंद्रर्यशास्त्र की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि परसाई जी की रचनाओं को बौध्दिक पाठक से लेकर साधारण पाठक भी पढ़ते थे। यहां तक कि जिन्हें वे लक्ष्य कर लिखते थे, वे भी उन्हें चाव से पढ़ते थे। व्याख्यान के पश्चात् संगोष्ठी में सम्मिलित प्रतिभागियों के प्रश्नों/जिज्ञासाओं का समाधान अतिथि वक्ताओं ने किया। संगोष्ठी में देशभर से लगभग 900 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

संगोष्ठी के आरंभ में अतिथियों का स्वागत तथा विषय प्रवर्तन विभाग के अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. अभिनेष सुरीना ने किया। आमंत्रित अतिथि वक्ताओं डॉ. रमेश तिवारी, श्री कैलाश मंडलेकर तथा श्री विनोद साव का स्वागत कमशः डॉ. बलजीत कौर, डॉ. कृष्णा चटर्जी एवं प्रो. थानसिंह वर्मा ने किया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक डॉ. शंकर निषाद, डॉ. जय प्रकाश साव, डॉ.रजनीश उमरे के अलावा तकनीकी सहयोग के लिए प्रो. दिलीप साहू, डॉ. अभिषेक मिश्रा, प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान एवं श्री ढालसिंह साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. थानसिंह वर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शंकर निषाद ने किया।

Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

Principal
Govt.V Y T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव ताम.स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.

13/1/15 7.1.
7.1.1

प्रति,

प्राचार्य
शासकीय वि.या.ता. स्नातकोत्तर स्वशासी
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– विश्व मातृभाषा दिवस पर संगोष्ठी आयोजन की अनुमति बाबत्।

महोदय,

———0———

हिन्दी विभाग के तत्वावधान में दिनांक 21.02.2020 को 11 बजे से विश्व मातृभाषा दिवस पर बहुभाषी संगोष्ठी का आयोजन है। आयोजन में छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्यकार श्री दुर्गा प्रसाद पारकर, श्री त्रेता चन्द्राकर व अभिनेता श्री शिवकुमार दीपक जी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

कृपया उक्त आयोजन हेतु अनुमति प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

डॉ. अभिनेष सुराना
विभागाध्यक्ष हिन्दी
शास.वि.या.ता स्नात.स्वशासी महा.
दुर्ग (छ.ग.)

अनुमति प्रदान की जाती है

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomous College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दुर्ग, दिनांक 17/02/2020

सूचना

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि 21.02.2020 को विश्व मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 24.02.2020 को 11:00 बजे से कक्ष क्रमांक – 23 में एक कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एक कहानी के अंश का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद, छत्तीसगढ़ी एवं अन्य भाषा में काव्य पाठ तथा छत्तीसगढ़ी मे व्याख्यान का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राएँ सभी अपनी सहभागिता कर सकते है। छात्र/छात्राएँ जो कहानी के अंश का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद करना चाहते है वे प्रो. थानसिंह वर्मा एवं डॉ. कृष्णा चटर्जी से दिनांक 20.02.2020 तक अनुवाद की सामग्री प्राप्त कर सकते है, जिसे अनुदित कर 24.02..2020 को डॉ. कृष्णा चटर्जी सहा. प्राध्यापक हिंदी के पास अनिवार्यतः जमा करें।

17.2.2020
विभागाध्यक्ष
(हिंदी विभाग)
विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात.
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्व.महाविद्यालय
दुर्ग (छ.ग.)
Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

Principal
Govt.V.Y.T.P.G. Autonomous
College Durg (C.G.)

Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus College ★ Durg (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T. P.G. Autonomus
College, Durg (C.G.)

हिंदी विभाग, शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विश्व मातृभाषा दिवस
शिवकुमार दीपक, त्रेता चंद्राकर, दुर्गाप्रसाद पारकर के व्याख्यान
(21 फ़रवरी 2020 को सम्पन्न एक दिवसीय आयोजन का प्रतिवेदन)

मातृभाषा हम सबको प्यारी होती है। जिन्दगी की शुरूवात हम मां की भाषा से ही करते हैं। जब हम दुख में होते हैं तो और अत्याधिक खुशी के क्षणों में सबसे पहले मां को याद करते हैं। किसी भी विषय को व्यक्त करने के लिए मातृभाषा सबसे अधिक सहायक होती है। उक्त विचार शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा विश्व मातृभाषा दिवस समारोह के उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम.के. सिद्दीकी ने व्यक्त किये।

